पहला मूक्स कोर्स हुआ लॉन्च: डॉ. धन सिंह रावत,शिक्षा मंत्री उत्तराखंड ने किया उद्घाटन

आज उत्तराखंड के शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण आया जब माननीय शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा "Fundamentals of ICT Tools for School Teachers" नामक पहला मूक्स (MOOC) कोर्स लॉन्च किया गया। इस कोर्स के माध्यम से राज्य के शिक्षकों को डिजिटल और तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे कक्षा में प्रभावी तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर शिक्षण गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इस शुभारंभ समारोह का आयोजन विद्या समीक्षा केंद्र, देहरादून में किया गया, जहां महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, झरना कमठान ने शिक्षा मंत्री के साथ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम में निदेशक अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण, बंदना गर्ब्याल ने माननीय मंत्री जी का स्वागत किया और कोर्स की आवश्यकता और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निदेशक माध्यमिक डॉ. मुकुल सती, अपर निदेशक अजय नौडियाल, अपर राज्य परियोजना निदेशक डॉ. कुलदीप गैरोला, अपर निदेशक रघुनाथ आर्य, संयुक्त निदेशक पदमेन्द्र सकलनी, आनंद भारद्वाज, मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून प्रदीप रावत, और उप परियोजना निदेशक मदन मोहन जोशी सहित कई गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस कोर्स को विद्या समीक्षा केंद्र के ई सृजन बॉट के माध्यम से लाइव प्रस्तुत किया गया, जिसमें तेज रावत द्वारा इसका लाइव डेमो दिखाया गया। कोर्स का संपूर्ण विवरण आईटी विभाग के रमेश बडोनी द्वारा साझा किया गया।

मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों से प्रश्न किया कि इस कोर्स को कितने समय में स्कूलों और छात्रों तक पहुँचाया जा सकता है। महानिदेशक झरना कमठान ने इस कोर्स के सभी पहलुओं का अवलोकन कर आगे इसके परिणामों को मापने की बात कही।

निदेशक बंदना गर्ब्याल ने अपने संदेश में राज्य के सभी शिक्षकों से इस कोर्स को अनिवार्य रूप से करने की अपील की, ताकि वे नवीनतम ICT तकनीकों से प्रशिक्षित होकर अपने शिक्षण में सुधार ला सकें।

कार्यक्रम के संचालन में विद्या समीक्षा केंद्र से हेमेन्द्र सिंह, प्रकाश रावत, तेज सिंह, प्राची और दीक्षा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिक्षक अब ई सृजन बॉट पर स्विफ्ट चैट के माध्यम से इस कोर्स के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। यह कोर्स समयबद्ध रूप से पूरा करना अनिवार्य होगा ताकि उन्हें कोर्स समाप्ति पर प्रमाणपत्र प्राप्त हो सके। इस ऑनलाइन सत्र में लगभग 510 लोग लाइव जुड़े और 15 ,000 दर्शकों ने इसे देखा, जो इस कोर्स की लोकप्रियता को दर्शाता है।